SHRIRAM
Transport Finance Company Limited
A WINNING RELATIONSHIP

SHRI SANDESH

खंड 24 | सितंबर 2021

एम. डी. की बात



प्यारे दोस्तों,

आपके साथ बात करने में मुझे हमेशा ही बहुत खुशी होती है। आशा करता हूँ कि आप सब ठीक हैं और इन चुनौति-भरे समयों से उबरने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

मैं अपने सभी ग्राहकों और स्टेक-होल्डर्स को दिल से शुक्रिया कहना चाहता हूँ क्योंकि उन्होंने हम पर अपना भरोसा बनाए रखा है और इस बिज़नेस को आगे बढ़ाते रहने में हमारा साथ दिया है।

हमारे लिए हमारे ग्राहक सबसे पहले आते हैं। उनकी सेवा करना, ज़रूरत की घड़ी में उनका साथ देना, और उनके अरमानों को पूरा करने में अपना योगदान देना, यही हमारा प्राथमिक लक्ष्य रहा है।

हमारे मिशन के इस लक्ष्य को हमारे रिलेशनशिप एग्जिक्यूटिव साकार करते हैं। वे STFC के लिए मानो रीढ़ की हड्डी का काम करते हैं और हमारे प्रिय ग्राहकों और हमारे बीच एक अनमोल कड़ी की भूमिका हमेशा निभाते रहेंगे।

वे आपकी हर किस्म की ज़रूरतों के लिए वन पॉईंट कॉन्टैक्ट हैं, फिर ज़रूरत चाहे लोन की हो, किश्तों के भुगतान की हो, बीमे की आवश्यकता हो, FD और RD में निवेश की हो, या वर्किंग कैपिटल की ज़रूरतों की ही बात क्यों ना हो।

देश भर में फैले हमारी शाखाओं का विशाल नेटवर्क, ऑनलाईन सुविधाएँ और मोबाईल ऐप्स के साथ-साथ हमारे ये रिलेशनशिप एग्जिक्यूटिव प्राथमिक तौर पर आप तक हमारी पहूँच को बढ़ाते हैं।

अपनी इस रफ्तार को आगे बढ़ते हुए हम आपके सपनों को भी साकार करते रहेंगे और हमारी नविनतम सेवाएँ और प्रॉडक्ट्स की रेंज आप तक पहुंचाते रहेंगे।

हम सभी के लिए यह बहुत ही ज़रूरी है कि हम सही सोच बनाए रखें और अपनी सभी मुश्किलों को पार करने के लिए जी-तोड़ मेहनत करें।

आखिर में याद दिला दें कि बुरा समय नही बल्कि मजबूत लोग आखिर तक टिके रहते हैं।

जय हिंद

उद्योग समाचार और अपडेट

श्रीराम ट्रांसपोर्ट फायनांस ने फिक्स्ड डेपॉज़िट सर्टिफिकेट जारी करने के लिए ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी लाँच की

ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से डेपॉज़िट सर्टिफिकेट जारी करनेवाला भारत का पहला NBFC.

डिज़ीटल सर्टिफिकेट जारी करने में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए, अब ग्राहक STFC के हमारे ट्रस्ट इंफ्रास्ट्रकचर की मदद से चुटकी बजाते ही अपना डिजीटल सर्टिफिकेट डाऊनलोड और शेयर कर पाएँगे। साथ ही, वे बड़ी आसानी से इन सर्टिफिकेट्स की वैधता का पता भी कर पाएँगे। ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी की मदद से इन FD सर्टिफिकेट्स का एक ग्लोबल ट्रस्ट बनाया जाएगा जिससे भविष्य में होनेवाले किसी भी ऑडिट के लिए एक ना-बदला-जानेवाला डाटा तैयार किया जा सकेगा।

ब्लॉकचेन क्या है?

ब्लॉकचेन एक ऐसा कंप्यूटर सॉफ्टवेयर है जिसकी मदद से किसी भी जानकारी को इस तरह से रेकॉर्ड किया जा सकता है कि उस जानकारी को बदलना या हैक करना नामुमकिन होता है।

सामान्य शब्दों में कहें तो यह कोई भी लेनदेन को रेकॉर्ड करने के लिए इस्तेमाल होनेवाला एक डिजीटल बहीखाता (ledger) है जो ब्लॉकचेन से जुड़े हुए सभी कंप्यूटर सिस्टम के नेटवर्क पर डूप्लिकेट और डिस्ट्रिब्यूट किया जाता है।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

देश-भर में निर्माण क्षेत्र में इस्तेमाल होनेवाली मशीनों की बिक्री में काफी उछाल

महामारी का यह साल निर्माण क्षेत्र में इस्तेमाल होनेवाली मशीनों के लिए तीज की सौगात लेकर आया है। इसकी वजह यह है कि सरकार इंफ्रा पर अधिक खर्च कर रही है, जिसकी वजह से वित्तीय वर्ष 2021 की बिक्री के आँकड़ों में पिछले साल के मुकाबले 15% ज़्यादा तेज़ी देखी गयी और वित्तीय वर्ष 2022 के पहले तिमाही में इनकी बिक्री लगभग डबल हो जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।



VOLVO कंस्ट्रकशन इक्विपमेंट ने भारत में लाँच की निर्माण में इस्तेमाल होनेवाली मशीनों की रेंज

VOLVO कंस्ट्रकशन इक्विपमेंट ने भारत में निर्माण में इस्तेमाल होनेवाली मशीनों में पेवर्स, कॉम्पैक्टर्स, व्हील लोडर्स और न्यूमैटिक रोलर्स की नई रेंज लाँच की है। VOLVO CE पेवर की रेंज में शामिल हैं P4370D ABG व्हील्ड पेवर, P5320D ABG, P7920D ABG और P8820D ABG ट्रैक्ड पेवर। ये सभी मशीनें CEV स्टेड IV कंप्लायंट हैं।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

नई BH सिरीज़ से पूरे भारत-वर्ष के लिए मान्य एक वाहन रजिस्ट्रेशन

पूरे देश में गाड़ियों के लिए एक-समान रजिस्ट्रेशन शुरू करने के लिए सरकार ने एक नया रजिस्ट्रेशन मार्क, यानी भारत सिरीज़ (BH) शुरू किया है जो सितंबर 15 से लागू होगा। सड़क परिवहन मंत्रालय ने बताया कि इस BH सिरीज़ की वजह से अब गाड़ियों को देश में कहीं-भी ट्रांसफर करने की ज़रूरत नहीं होगी और यह रजिस्ट्रेशन पूरे देश में मान्य होगा।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।



ASHOK LEYLAND ने निर्माण और खदानों में काम करने के लिए लाँच की Torquey AVTR 4825 टिप्पर

ASHOK LEYLAND की AVTR रेंज की हेवी ड्यूटी कमर्शियल गाड़ियों की अच्छी बिक्री चल रही है। इसी के चलते, ASHOK LEY-LAND ने 48 टनवाली नई AVTR 4825 10x4 टिप्पर लाँच की है। इसमें पेटेंटेड डुअल टायर लिफ्ट ऐक्सल लगा है और हेवी ड्यूटी बोगी सस्पेंशन भी है।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

वित्तीय वर्ष 2025 तक ई-बसों की बिक्री कुल बिक्री की 8% -10% तक होगी: ICRA

हाल के महिनों में ई-बस के सेगमेंट में तेज़ी देखी जा रही है, हालाँकि पिछले डेढ़ साल से महामारी की वजह से जन यातायात सेवा में भारी गिरावट देखी गयी थी। जबकि 'फास्टर एडॉप्शन ऐंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड ऐंड इलेक्ट्रिक वेहिकल्स' (FAME) की स्कीम को महामारी की वजह से देश-भर में फिलहाल लागू नहीं किया गया है, मगर इस स्कीम की अवधि को अप्रैल 2024 तक, यानी दो साल तक आगे बढ़ाने से इसे इस क्षेत्र में मिडीयम टर्म तक लागू करने में मदद मिलेगी।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।



VOLVO BUSES ने लाँच किया भारत का पहला 13.5m 4x2 कोच

VE कमर्शियल वेहिकल्स (VECV) का भाग, VOLVO BUSSES इंडिया ने शुक्रवार को देश का पहला 13.5-metre 4x2 कोच लाँच किया है। रियर इंजिनवाले इस बस को मॉड्यूलर VOLVO 9400 प्लैटफॉर्म की तर्ज़ पर बनाया गया है और इसमें 12-मीटर 4x2 और 14.5-मीटर 6x2, ये दो मॉडेल शामिल हैं, ऐसा कंपनी ने विज्ञप्ति में बताया है।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

स्क्रैपेज पॉलिसी के तहत राज्यों को 25% रोड टैक्स रिबेट देने के लिए कहा जाएगा

केंद्र सरकार जल्द ही राज्य सरकारों से कहेगी की नई स्क्रैपेज पॉलिसी के तहत जब कोई पुरानी गाड़ी को स्क्रैप कर नई गाड़ी खरीदता है, तो वे उन गाड़ियों को रोड टैक्स में 25 प्रतिशत तक का रिबेट प्रदान करें। केंद्रिय राज्य मंत्री नितीन गडकरी ने कहा कि यह रिबेट कोई राजनैतिक मामला नहीं है बल्कि जन-हित में लिया गया फैसला है।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

Ez4EV जल्द ही इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए मोबाईल चार्जिंग स्टेशन लाँच करेगा

Ez4EV नॉन-पब्लिक लिमीटेड आनेवाले तीन महीनों में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए मॉडर्न सेल चार्जिंग EzUrja (सामान्य उर्जा) स्टेशन लाँच करने जा रहा है। Ez4EV के CEO, सतिंदर सिंह ने कहा कि इससे इलेक्ट्रिक गाड़ियों के मालिकों की परेशानी थोड़ी कम होगी और देश भर में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन की भारी कमी में थोड़ा सुधार आएगा।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

भारत में अगले 6 महीनों में ऑटो निर्माताओं को बायो-फ्यूएल पर चलनेवाली गाड़ियों बनाना आवश्यक होगा: गडकरी

डोमेस्टिक ब्रोकरेज एलारा कैपिटल द्वारा रखे गए कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि हम फ्लैक्स इंजिन नॉर्म्सवाली गाड़ियाँ पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने यह फैसला लिया है कि हम फ्लैक्स-इंजिन बनाना भी आवश्यक करेंगे।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

TATA HITACHI ने लाँच किया CEV-IV कंप्लायंट व्हील लोडर

TATA HITACHI ने शुक्रवार को अपना नया CEV-4 (BS4) कंप्लायंट व्हील लोडर, TL340H Prime लाँच किया। कंपनी ने विज्ञप्ति में कहा कि इस नेक्स्ट जनरेशन व्हील लोडर का वादा है कि यह दमदार और भरोसेमंद है, कम खर्च पर चलता है और भरपूर मुनाफा कमाकर देता है।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

भारत 3-व्हीलर्स को इलेक्ट्रिक गाड़ियों में परिवर्तित करना चाहता है

चार पहिए और दो पहिए की गाड़ियों के बाद, भारत अब रास्तों पर चलनेवाली 60 लाख तीन-पहिएवाली गाड़ियों को इलेक्ट्रिक गाड़ियों में परिवर्तित करना चाहता है। भारत ने 2030 तक रोड पर चलनेवाली सभी गोड़ियों में से 30 प्रतिशत गाड़ियों को इलेक्ट्रिक गाड़ियों में परिवर्तित करने का लक्ष्य रखा है।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

सड़क सुरक्षा के लिए भारत में बनी एजेंसी, सरकार ने केंद्रीय स्तर पर काम करनेवाला बोर्ड स्थापित किया

सरकार ने आखिरकार नैशनल रोड सेफ्टी बोर्ड के गठन को मान्यता दे दी है जो सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों में राष्ट्रीय स्तर पर काम करनेवाली सबसे बड़ी एजेंसी होगी।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

Don't forget to subscribe to our YouTube channel - STFCconnect